दिन– गुरुवार दिनांक– 05 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधान मंडल में आज राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

02. राज्य सरकार ने बालिका छात्रावास के संचालन के लिए स्थानीय थानों में पंजीकरण अनिवार्य किया।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – विभागीय कार्यों में पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

04. और, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का शुभारम्भ करेंगे।

———————————————————

बिहार विधान सभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। चर्चा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव भी शामिल होंगे। सदन के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चर्चा का जवाब देंगे। आकाशवाणी पटना से इस चर्चा का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इधर, विधान परिषद में भी आज राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद और सरकार का उत्तर होगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश के पचपन पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने जानकारी दी कि इन संस्थानों को दो चरणों में उन्नत किया जायेगा। पहले चरण में बारह विश्वविद्यालय के इकतीस महाविद्यालय और दूसरे चरण में दस विश्वविद्यालयों के चौबीस कॉलेज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो सौ तेरह प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना से छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी।

———————————————————

राज्य में बालिका छात्रावास के संचालन के लिए स्थानीय थानों में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए यह निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रावास में चौबीस घंटे एक महिला वार्डन की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके साथ

ही वहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराना भी अनिवार्य कर दिया गया है। छात्रावासों की पुलिस नियमित जांच भी करेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में लड़कियों के कमरे तक रिश्तेदारों सहित किसी भी पुरूष का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। छात्रावास के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना आवश्यक होगा।

———————————————————

लखीसराय जिले के कजरा स्थित सौर ऊर्जा परियोजना से राज्य को एक सौ पचासी मेगावाट बिजली मिलेगी। राज्य सरकार ने कम्पनी से इस संबंध में एक समझौता किया है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में पचास हजार करोड़ रूपये का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत शाम छह बजे से रात दस बजे तक पीक आवर में बिजली की मांग अधिक होने पर यहां से सप्लाई की जायेगी। श्री यादव ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने में कजरा सौर ऊर्जा परियोजना महत्वपूर्ण मदद करेगा। उन्होंने बताया कि यह देश की सबसे बड़ी बैट्री आधारित सौर परियोजना है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा कल प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से इस कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविस्वास बढाने पर जोर दिया।

———————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में टीआरई—फोर माध्यम से लगभग चौवालीस हजार शिक्षकों की बहाली की जायेगी। शिक्षा विभाग के अनुसार आरक्षण रोस्टर के हिसाब से रिक्तियां सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दी गयी है। विभाग के अनुसार कक्षा एक से आठ तक उन्नीस हजार, नौ से दस तक बारह हजार और ग्यारह से बारह तक की कक्षा के लिए तेरह हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। टीआरई—फोर के तहत होने वाली नियुक्तियों में पचासी प्रतिशत सीटें राज्य के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगी। पन्द्रह प्रतिशत सीटों पर ही दूसरे राज्य के निवासियों की नियुक्ति की जायेगी। इसके साथ ही कक्षा पांच तक के लिए पचास प्रतिशत और अन्य वर्ग में पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ राज्य की महिला अभ्यर्थियों को मिलेगा। वहीं, स्थानीय निकायों के तृतीय और चतुर्थ सक्षमता पास शिक्षकों की काउंसिलिंग कल से शुरू होगी।

———————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि पंचायती राज विभाग के कार्यों में पारदर्शिता के लिये राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी होगी। श्री प्रकाश ने मुंगेर जिले के जमालपुर प्रखंड के इन्द्ररूख पूर्वी पंचायत के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री प्रकाश ने कहा कि पंचायत स्तर पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहभागिता वाली एक समिति बनाई जाएगी। यह समिति पंचायत स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करेगी।

———————————————————————

राज्य के सभी जिलों में ऋण स्वीकृति और वितरण के लिए कल से बारह मार्च तक विशेष शिविर लगाये जायेंगे। उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण की स्वीकृति और वितरण को गति देने के लिए ये शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में जिलाधिकारी, उद्योग विभाग के पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारी और बैंकों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पुलिस प्रशासन को सार्वजनिक वाहनों और स्थलों पर द्विअर्थी तथा अश्लील गीत बजाने पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि इस संबंध में सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का शुभारंभ करेंगे। यह सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने और देश में समावेशी, नागरिक–केंद्रित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सहकारिता मंत्रालय ने कहा है कि यह प्लेटफॉर्म सारथी कहे जाने वाले चालकों को स्वामित्व, संचालन और मूल्य सृजन के केंद्र में रखेगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

गया जंक्शन पर निर्माण कार्य के चलते आज से इक्कीस मार्च तक पटना–गया पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेगी। इस दौरान आठ रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा। इनमें पूर्णिया कोर्ट से हटिया जाने वाली कोसी एक्सप्रेस का परिचालन

बख्तियारपुर, राजगीर, तिलैया और कोडरमा के रास्ते किया जाएगा। वहीं, दस रेलगाड़ियों का आस–पास के अन्य स्टेशनों पर आंशिक समापन किया जायेगा।

———————————————————————

देश के विभिन्न हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी के चलते प्रदेश के मौसम में भी बदलाव हुआ है। मौसम विभाग क अनुसार अगले कुछ दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आने की सम्भावना है। विभाग ने कहा कि इस दौरान पटना सहित राज्य के अधिकतर भागों में पछुआ हवा चलने के साथ ही बादल छाये रहने के आसार है। विभाग ने पश्चिम चम्पारण, गोपालंगज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, भभुआ, रोहतास, अरवल और औरंगाबाद के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

———————————————————————

अब खबरें खेल की .............

भारत ने अंडर–19 एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना कल इंग्लैंड से होगा। भारत ने कल सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

बिहार और नागालैंड के बीच सी के नायडू ट्राफी किक्रेट का फाइनल मुकाबला कल से पटना के मोइनुलहक स्टेडियम में खेला जायेगा। जीतने वाली टीम को एलीट ग्रुप में प्रवेश मिलेगा।

बिहार किक्रेट एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्रामीण किक्रेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए पटना स्थित क्रिकेट अकादमी में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एक सौ पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

भागलपुर के नवगछिया निवासी सूरज कुमार का चयन भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम के लिए किया गया है। तेरह से उन्नीस फरवरी तक इंडोनेशिया के खिलाफ होने वाली सीरिज में सूरज भारतीय टीम का हिस्सा होंगे।

हरियाणा के रोहतक में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बिहार के रोहित साह ने पांच सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में देश भर के सत्ताइस राज्य के पांच सौ से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

वैशाली जिले की पुलिस ने सराय टोल प्लाजा के पास से लगभग डेढ किलो अफीम और एक सै अंठावन ग्राम हेरोईन के साथ झारखंड के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र के पास अपराधियों ने एक मवेशी व्यवसायी से पच्चीस लाख रूपये लूट लिये।

———————————————————————

अररिया जिले के प्रसादपुर और भसिया पंचायत के कृषि समन्वयक धर्मपाल सिंह को जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

पूर्णिया जिले में एक हवलदार की संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगने से मौत हो गई। हवलदार का शव थाना परिसर स्थित गार्ड क्वार्टर में बरामद किया गया। मौके से हवलदार की कार्बाइन और एक खोखा भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के घोघरडीहा अंचल कार्यालय में बिचौलिये का कार्य करने वाले पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिये गये है। वहीं, पटना जिले में मरीजों के परिजनों से अवैध वसूली के अरोप में एक महिला सफाई कर्मी को जिला प्रशासन के ढावा दल ने गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के पोलो ग्राउंड में कल से एक दिवसीय रोजगार मेला शुरू हो रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक जरूरतमंद और रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को लाभ पहुंचाना है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– पीएमसीएच में अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित होंगी। मुख्यमंत्री ने पीएमसीएच के पुनर्विकास और निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– एसआईआर मामले पर बंगाल की सीएम ममता पहुंची सुप्रीम कोर्ट। खुद ही रखा सरकार का पक्ष।

दैनिक भास्कर लिखता है– यूपीएससी का ब्रेक, नियमों में बड़ा बदलाव, अब चयनित अफसर बार–बार परीक्षा नहीं दे सकेंगे। सिविल सेवा परीक्षा दो हजार छब्बीस की अधिसूचना जारी।

प्रभात खबर ने दिल्ली में तीन बहनों की आत्महत्या करने के मामले पर लिखा है– कोरियन गेम की लत छुड़ाने को फोन छीना तो तीन बहनें नौवीं मंजिल से कूदीं।

आज अखबार की सुर्खी है– पच्चीस वर्षों के बाद दिल्ली में होगा राज्य निर्वाचन आयुक्तों का सम्मेलन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधान मंडल में आज राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

02. राज्य सरकार ने बालिका छात्रावास के संचालन के लिए स्थानीय थानों में पंजीकरण अनिवार्य किया।

03. पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – विभागीय कार्यों में पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

04. और, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी का शुभारम्भ करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।